भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1918

04 अगस्त, 2021 को उत्तर के लिए

भारतीय रेल के लिए नई रेल की माँग

1918. श्री परिमल नथवानी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) भारतीय रेल के लिए पटरियों के नवीनीकरण और क्षमता वृद्धि हेतु नई रेल की माँग को पूरा करने में असमर्थ है;

(ख) यदि हाँ, तो विगत तीन वर्षों के दौरान सेल को इस संबंध में प्राप्त हुई माँग सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सेल ने भारतीय रेल सहित अभिकरणों को आवश्यक मात्रा की आपूर्ति करने के लिए कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) और (ख): जी, नहीं। विगत तीन वर्षों और वित्तीय वर्ष 21-22 (प्रथम तिमाही) में, भारतीय रेल द्वारा सेल से निम्नलिखित प्रकार की नई रेलों की मांग की गई है:-

1. ग्रेड 880 के बजाय आर-260 यूआईसी 60 प्रोफाइल रेल।
2. यूआईसी 60 प्रोफाइल की जगह 60ई1 प्रोफाइल।
3. 1175 एचटी रेल्स (हीट ट्रीटेड रेल्स)।
4. 260 मीटर लम्बा रेल पैनल।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने ग्रेड 880 के स्थान पर आर-260 ग्रेड रेल, यूआईसी 60 प्रोफाइल के स्थान पर 60ई1 प्रोफाइल रेल और 260 मीटर लंबे रेल पैनल से संबंधित भारतीय रेल की आवश्यकता को पूरा किया है, जिसमें आपूर्ति की बड़ी मात्रा शामिल है। विगत तीन वर्षों और वित्तीय वर्ष 21-22 (प्रथम तिमाही) के दौरान मांग की तुलना में भारतीय रेल को नई रेलों की आपूर्ति का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(मात्रा टन में)

क्र सं	नई रेल का प्रकार	2018-19		2019-20		2020-21		2021-22	
		मांग	आपूर्ति	मांग	आपूर्ति	मांग	आपूर्ति	मांग	आपूर्ति (प्रथम तिमाही)
1.	आर- 260 यूआईसी 60 प्रोफाइल	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	12233	12221	शून्य	शून्य
2.	आर260 60ई1 प्रोफाइल	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	939313	141689
3.	1175 एचटी ग्रेड	शून्य	शून्य	200000*	शून्य	181728	शून्य	222353	शून्य
4.	260 मीटर लम्बा रेल पैनल	विनिर्दिष्ट नहीं	442239	विनिर्दिष्ट नहीं	632643	विनिर्दिष्ट नहीं	735103	783903**	137710***

* थोक आर्डर को वित्तीय वर्ष 19-20 के दौरान 1175 एचटी ग्रेड के 200000टी को शामिल करने हेतु दिनांक 20-08-2019 को संशोधित किया गया था।

** वर्ष 2021-22 के लिए आर-260 60ई1 प्रोफाइल में दर्शायी गई मात्रा में मांग शामिल है।

*** 112709 टन आर-260 60ई1 प्रोफाइल की सीमा तक आपूर्ति शामिल है।

(ग) और (घ): जी, हां। भारतीय रेल की उत्पन्न होने वाली आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु, सेल ने भिलाई इस्पात संयंत्र के आधुनिकीकरण एवं विस्तार (मोडेक्स) का कार्य शुरू किया है जिसमें 1.2 एमटीपीए क्षमता के यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) की स्थापना शामिल है। भिलाई इस्पात संयंत्र में यूआरएम की स्थापना रेलवे की बढ़ती हुई मांगों को पूरा करने के लिए रेल की विनिर्माण क्षमताओं का उन्नयन करने हेतु की गई है। भारतीय रेल की 1175 एचटी रेलों की मांग को पूरा करने के लिए मूल उपस्कर विनिर्मिताओं (ओईएम) द्वारा मार्च '21 के दौरान हीट ट्रीटेड रेल के लिए, हीट ट्रीटमेंट सुविधा का हॉट कमिशनिंग ट्रायल शुरू किया गया।

****